एक नजर में

बुरहानपुर की बेटी प्रिया गोलकर ने जीता रजत पदक



बुरहानपुर। सावित्री बाई फुले कन्या शाला की छात्रा प्रिया गोलकर ने राज्य स्तरीय शालेय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में रजत पदक जीतकर जिले का नाम प्रदेश में रोशन किया है। शिक्षा संचालनालय मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित यह प्रतियोगिता 01 नवम्बर से 04 नवम्बर तक ग्वालियर में आयोजित हुई। इसमें प्रदेश भर के चयनित खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रिया ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए फाइनल तक का सफर तय किया और द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रिया की इस उपलब्धि पर तिलक एकेडमी गुजराती समाज मार्केट बुरहानपुर के अध्यक्ष एवं प्रशिक्षक सुभाष जाधव,सावित्री बाई फुले शाला की प्राचार्या नीना गुप्ता, जिला क्रीड़ा अधिकारी गोपाल चौधरी एवं समस्त शाला परिवार ने हार्दिक बधाई दी है। सभी ने प्रिया के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि प्रिया की मेहनत,अनुशासन और आत्मविश्वास अन्य छात्राओं के लिए प्रेरणा है। आने वाले समय में वह नेशनल स्तर पर भी बुरहानपुर का नाम रोशन करेगी। प्रिया ने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों,प्रशिक्षक और माता.पिता को दिया।

विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजना के आवेदन बुलवाए

बुरहानपुर। मध्यप्रदेश शासन के पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा राज्य के अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रतिभावान विद्यार्थियों को विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के उद्देश्य से विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजना 2026.27 के तहत ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। योजना के अंतर्गत चयनित मेधावी विद्यार्थियों को शीर्ष विदेशी विश्वविद्यालयों और संस्थानों में स्नातकोत्तरए शोध उपाधि तथा पोस्ट.पीएचडी पाठ्यक्रमों में अध्ययन के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थी विभाग के आधिकारिक पोर्टल पर जाकर अपना प्रोफाइल रजिस्ट्रेशन करने के बाद ऑनलाइन आवेदन लॉक कर सकते हैं। प्रोफाइल पंजीयन के लिए समग्र आईडी के साथ डिजिटल जाति,आय और मूल निवासी प्रमाण पत्र का लिंक होना आवश्यक है। ऑनलाइन फॉर्म लॉक करने के 15 दिनों के भीतर आवेदन का प्रिंटआउट और सभी स्वप्रमाणित दस्तावेजों ;जैसे अंकसूची, ऑफर लेटर, फै रैंकिंग प्रमाण की प्रतियां आयुक्त कार्यालय, पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण,विंध्याचल भवन, द्वितीय तल,क/ख विंग, भोपाल . 462004 में डाक द्वारा या व्यक्तिगत रूप से जमा करना अनिवार्य है।

विशेष लोक अदालत को लेकर बैठक आयोजित



बुरहानपुर। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरणए जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती विधि सक्सेना के मार्गदर्शन में परक्राम्य लिखित अधिनियम की धारा 138 के अंतर्गत 21 नवम्बरए 2026 को आयोजित होने वाली विशेष लोक अदालत के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में लंबित प्रकरणों का आपसी सहमति एवं राजीनामे के आधार पर निराकरण सुनिश्चित करने तथा अधिक से अधिक पात्र प्रकरणों को विशेष लोक अदालत में शामिल करने के उद्देश्य से चर्चा की गई। बैठक में उपस्थितजनों द्वारा सुझाव भी दिये गये। इस अवसर पर जिला न्यायाधीश एवं सचिव श्री निलेश कुमार जिरेतीए जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष श्री सत्यनारायण वाघए सचिव श्री संतोष देवतालेए अग्रणी जिला प्रबंधक श्री अक्षय शर्मा सहित अधिवक्तागण एवं विभिन्न बैंकों के अधिकारी उपस्थित रहे।

तंबाकू के दुष्प्रभाव से छात्रों को किया जागरूक



बुरहानपुर। युवाओं एवं विद्यार्थियों को तंबाकू सेवन के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने तथा स्वस्थ समाज के निर्माण के उद्देश्य से संचालित तंबाकू मुक्त युवा अभियान 4.0 के अंतर्गत मंगलवार को बहादरपुर स्थित माध्यमिक विद्यालय में जागरूकता गतिविधि आयोजित की गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को तंबाकू एवं तंबाकू उत्पादों के सेवन से होने वाले गंभीर स्वास्थ्य दुष्परिणामोंए जैसे मुंह का कैंसर, हृदय रोग एवं श्वसन संबंधी बीमारियों की जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को स्वयं तंबाकू सेवन से दूर रहने के साथ ही अपने परिवार एवं आसपास के लोगों को भी इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान की गाइडलाइंस के संबंध में जानकारी देते हुए विद्यालय को तंबाकू मुक्त बनाने के लिए भारत सरकार द्वारा निर्धारित दिशा.निर्देशों से अवगत कराया गया। विद्यार्थियों एवं विद्यालय प्रबंधन को परिसर में तंबाकू निषेध संबंधी सूचना बोर्ड लगाने, जागरूकता पोस्टर एवं चार्ट प्रदर्शित करने, तंबाकू मॉनिटर नामित करने तथा विद्यालय की आचार संहिता में तंबाकू निषेध संबंधी नियम शामिल करने की जानकारी दी गई। साथ ही विद्यालय की बाहरी सीमा से 100 गज 300 फीट की परिधि को तंबाकू मुक्त क्षेत्र के रूप में चिह्नित करने तथा इस दायरे में तंबाकू उत्पादों की बिक्री प्रतिबंधित रखने के प्रावधानों के बारे में बताया गया। विद्यार्थियों को सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम 2003 के प्रावधानों की जानकारी भी दी गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.आर.के.वर्मा के मार्गदर्शन एवं जिला नोडल अधिकारी डॉण् भरत चौधरी के नेतृत्व में जिले में अभियान के तहत विभिन्न जागरूकता गतिविधियां संचालित की जा रही हैं।

चिटनिस ने किया उद्घाटन, हाईमास्ट की रोशनी से जगमगाया शाहपुर





नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर/शाहपुर। नगर परिषद शाहपुर के विकास में एक और नया अध्याय जुड़ा। दीपावली के शुभ अवसर पर नगर के 15 वार्डों में मुख्य चौराहे पर आज अत्याधुनिक हाई मास्क लाइट का उद्घाटन बुरहानपुर विधायक और पूर्व कैबिनेट मंत्री अर्चना चिटनिस ने किया। विधायक चिटनिस ने बटन दबाकर हाई मास्क लाइट का शुभारंभ कर नगर को समर्पित किया, तो क्षेत्र दूधिया रोशनी से जगमगा उठा। लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत किया।

विधायक अर्चना चिटनिस ने कहा अंधेरा हटेगा, विकास चमकेगा। शाहपुर मेरे दिल में बसता है। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के नेतृत्व में शाहपुर को एक आदर्श नगर बनाना हमारा संकल्प है। यह हाई मास्क लाइट सिर्फलाइट नहीं, बल्कि सुरक्षा और विकास की रोशनी है। अब हमारी माता-बहनों को रात में आवागमन में आसानी होगी, व्यापारियों का व्यापार भी दमकेगा।

नगर परिषद अध्यक्ष ने जताया आभार नगर परिषद अध्यक्ष साधना वीरेन्द्र तिवारी ने बताया कि नगर में 15 स्थानों पर हाई मास्क लाइटें स्वीकृत हुई हैं, जिसकी कुल लागत 46.50 लाख रुपये है। इससे नवीन बस स्टैंड, कन्या स्कूल के पास,बड़ा बाजार, बम्भाडा फाटा,ज्योतिबा फुले, कोदरी चौराहा, कोदरी मंदिर परिसर, अमरावती नदी घाट, मेला घाट, प्रजापति मोहल्ला, महादेव मंदिर, शिवाजी महाराज प्रतिमा, नाचंखेडा फाटा, कालूशा बाबा दरगाह आदि स्थानों रोशनी की समस्या समाप्त होगी। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष साधना तिवारी, उपाध्यक्ष रजनी गोपाल चौधरी, पार्षद अशोक निकम, किशोर देशमुख, शेख जब्बार, शेख साकिर हाजी, ताजुद्दीन शेख युसूफ,पवन बडोले, अध्यक्ष प्रतिनिधि वीरेन्द्र तिवारी, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि गोपाल चौधरीए पार्षद प्रतिनिधि विजय दौड़े, विनोद चौधरी, मुकेश बुनगाल एल्डरमैन, राजाराम अटोलकर, प्रकाश महेश्री, रमेश चोपड़े, रवि जैन, पूर्व अध्यक्ष काशिनाथ डामरे,रामभाऊ सोनवने, भाजपा मंडल अध्यक्ष आकाश राखोंड़े, प्रकाश कोचुरकर, जगन्नाथ महाजन, सुभाष बुन गाल, किसना महाजन, मनोज चौधरी, नरहरी दीक्षित, योगेश महाजन, सीएमओ दिलीप चौहान, जगन्नाथ महाजन, अभिशेख जवरे, चेतन महाजन और अन्य मौजूद रहे।

मिलावटी मावे पर प्रशासन की नजर, 5 दुकानों से सैंपल लिए



नवभारत न्यूज,

नेपानगर। दीपावली पर लोगों को शुद्ध मिठाई मिलेए इसे लेकर प्रशासन एक्शन में है। कलेक्टर विवेक कुमार के निर्देश पर प्रभारी एसडीएम भागीरथ वाखला ने बुधवार को नेपानगर शहर में 5 मिठाई दुकानोंए होटलों पर दबिश दी।

मातापुर बाजार स्थित जय हिंद होटल, जय अंबे होटल सहित 5 जगहों पर मावा, मिठाई के सैंपल लिए। शिकायत थी कि नकली मावे से मिठाई बनाई जा रही है।

मौके पर ही नष्ट कराया सामान:- जांच में जो सामग्री अमानक मिली, उसे मौके पर ही नष्ट करा दिया गया। कई होटलों में गंदगी मिलने पर संचालकों को फटकार लगाई और साफसफाई रखने के निर्देश दिए।

भोपाल लैब जाएगी रिपोर्ट:- सभी सैंपल भोपाल लैब भेजे जाएंगे। अमानक पाए जाने पर जुर्माना और कोर्ट में केस चलेगा। एसडीएम ने कहा त्योहार पर मिलावट करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगीए जांच अभियान आगे भी जारी रहेगा।

साफ सफाई को लेकर ताकीद:- जांच के दौरान शिकायतें सामने आने पर एसडीएम ने मिठाई और होटल दुकान संचालकों को ताकीद की कि साफसफाई का विशेष तौर पर ध्यान दिया जाए। गंदगी पाए जाने पर जुर्माना लगाने की बात कही गई। प्रशासन की कार्रवाई से होटलोंए मिठाई दुकान संचालकों में हड़कंप की स्थिति मची रही। एसडीएम ने आगे भी इसी तरह कार्रवाई किए जाने की बात कही।

तीन महीने में 100 सैंपल लिए, 30 अमानक:- जिला खाद्य औषधि प्रशासन अधिकारी कमलेश डाबर ने बताया कि त्योहारों के अलावा भी समय समय पर कार्रवाई की जाती है। नेपानगर में पहले भी कार्रवाई की गई थी। जिले में तीन महीने में होटलए किरानाए दूध डेयरी सहित अन्य प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई कर 100 सैंपल लिए गए थे। इसमें से 30 की रिपोर्ट अमानक आई है। अब उनके खिलाफ केस बनाकर कोर्ट में लगाया जाएगा। इसके बाद आगे की कार्रवाई होगी।

जांच अभियान निरंतर जारी रहेगा

दीपावली पर्व पर लोगों को शुद्ध मिठाई मिले इसे लेकर जांच अभियान संचालित किया जा रहा है। कलेक्टर ने इसे लेकर सख्ती से कार्रवाई करने को कहा है। आज 5 स्थानों से सैंपल लिए गए हैं। अगर सैंपल अमानक मिलते हैं तो कार्रवाई की जाएगी।

भागीरथ वाखला
एसडीएम ,नेपानगर

अनियंत्रित बुलेट खाई में गिरी, तीन घायल



नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। बुरहानपुर के बोरगांव-रईपुरा रोड पर शनिवार शाम करीब 4 बजे बुलेट अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। हादसे में बाइक पर सवार तीन युवक घायल हो गए। यह हादसा मुक्तिधाम के पास मोड़ पर हुआ। बुलेट करीब 30 फीट गहरी खाई में गिरी और तीनों युवक भी नीचे जा गिरे।

ग्रामीणों ने निंबोला थाना पुलिस को सूचना दी। घायलों को अस्पताल पहुंचाने में मदद की। पुलिस ने पिकअप वाहन से तीनों को जिला अस्पताल पहुंचाया। वहां उनका इलाज जारी है। बताया जा रहा है कि तीनों युवक बोरगांव के रहने वाले हैं। वे बुलेट से कहीं जा रहे थेए तभी वाहन अनियंत्रित हो गया। निंबोला थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। शनिवार शाम पौने छह बजे तक युवकों के नाम सामने नहीं आए थे।

शासकीय स्कूल में लगा विधिक साक्षरता शिविर



बुरहानपुर। मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार और प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बुरहानपुर विधि सक्सेना के निर्देशानुसार निलेश कुमार जिरेती, जिला न्यायाधीश, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, लालबाग, बुरहानपुर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

उक्त कार्यक्रम को संबोधित करते हुए निलेश कुमार जिरेती, जिला न्यायाधीश और सचिव द्वारा उपस्थित बच्चों को लैंगिक अपराधों से बालको का संरक्षण अधिनियम 2012,पॉक्सो एक्ट के महत्वपूवर्ण प्रावधानों की जानकारी दी गई। अच्छे व बुरे स्पर्श की पहचान व्यक्तिगत सुरक्षाए किसी भी प्रकार का अनुचित व्यवहार होने की दशा में बिना भय अपनी बात किस प्रकार रखी जाये के संबंध में सरल उदाहरणों के माध्यम से समझाया। साथ ही उनके द्वारा नालसा शिक्षा योजनाए नालसा बच्चों से मैत्रीपूर्ण संबंध योजना, बाल विवाह, बाल श्रम निषेध अधिनियम, कैरियर गाईडेंस के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पैरालीगल वालेन्टियर महेन्द्र जैन द्वारा बताया कि बच्चों को अपने माता-पिता एवं शिक्षक से कोई भी बात नहीं छुपानी चाहिए। यदि किसी बच्चे के साथ कोई गलत काम होता है तो सबसे पहले अपने माता.पिता या शिक्षक को बताना चाहिए। उक्त अवसर पर शाला की प्रचार्य सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

शासकीय महाविद्यालय नेपानगर में मना युवा उत्सव, 27 विधाओं में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा



नवभारत न्यूज,

नेपानगर। प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस नेपानगर में युवा उत्सव 2026.27 का आयोजन किया जा रहा है। प्राचार्य डॉक्टर मनीष साकल्ले ने बताया महाविद्यालय स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। 27 विधाओं में विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर पर प्रदान किया जा रहा है। युवा उत्सव विद्यार्थी की प्रतिभाओं को निखारने का मंच है। हर व्यक्ति में कोई ना कोई प्रतिभा अवश्य होती है, परंतु उसे उचित अवसर न मिलने के कारण वह प्रतिभा कहीं ना कहीं दबी रह जाती है।

युवा उत्सव युवाओं की प्रतिभा को निखारने का एक अवसर प्रदान करता है। विद्यार्थी युवा उत्सव का प्रतिवर्ष बेसब्री से इंतजार करते रहते हैंए जैसे ही उन्हें यह अवसर मिलता है वे उत्साह से इन विधाओं में भाग लेकर अपनी प्रतिभाओं को निखारते हैं। हार और जीत प्रतियोगिता का अहम हिस्सा है। हर किसी को जीत नसीब नहीं होती, किंतु जो किसी कारणवश जीत नहीं सके, उन्हें नए सिरे से अपनी प्रतिभा को निखारने का प्रयास करना चाहिए। असफलता को ही हमें स्वर्णिम अवसर में बदलते हुए अपनी प्रतिभा को बेहतर करना चाहिए।

प्रश्न मंच और वाद विवाद प्रतियोगिता हुई, जिसमें वाद विवाद सदन की राय में एआई ही आने वाले जीवन का भविष्य है विषय पर आयोजित की गई थी। इसमें वाद में प्रथम स्थान रीना बेरलकर एमए अंग्रेजी साहित्य, द्वितीय स्थान सरिता जाधव बीए तृतीय वर्ष, तृतीय स्थान भूमिका जामुनकर ने प्राप्त किया। इसी प्रकार विपक्ष में तनुश्री बहुटे एमए प्रथम वर्ष अंग्रेजी साहित्य, सुनील जाधव, बीए द्वितीय और तृतीय स्थान कुमारी संगीता बामनिया बीए फाइनल वर्ष ने प्राप्त किया। प्रश्न मंच में प्रथम स्थान संयुक्त रुप से सुनील जाधव और सरिता जाधव,द्वितीय स्थान संगीता बामनिया और तृतीय स्थान रीता जाधव ने प्राप्त किया।

नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में मरीजों का किया उपचार, दी दवाइयां

नवभारत न्यूज, बुरहानपुर। जिला आयुष अधिकारी डॉ. कविता गढ़वाल ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय आयुष मिशन योजनांतर्गत गुरूवार को शासकीय होम्योपैथी औषधालय खकनार द्वारा आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 02 खकनार खुर्द में नि:शुल्क होम्योपैथी चिकित्सा शिविर लगाया।

शिविर में डॉ.रश्मिबाला वर्मा द्वारा 78 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर होम्योपैथी पद्धति से उपचार एवं निरूशुल्क औषधियों का वितरण किया गया। शिविर में सर्दी, खांसी, बुखार, श्वास, चर्मरोगए मधुमेह, उच्च रक्तचाप,



संधिवात सहित विभिन्न बीमारियों का उपचार किया गया। साथ ही आयुष जन स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत ग्रामीणों को स्वास्थ्य एवं आयुष चिकित्सा पद्धति के प्रति जागरूक भी किया गया।

इसी कड़ी में आयुर्विद्या कार्यक्रम के तहत शासकीय प्राथमिक शाला खकनार खुर्द में 56 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक औषधियां वितरित की गईं। बच्चों को संतुलित आहार, स्वस्थ दिनचर्याए योग एवं प्राणायाम की जानकारी भी दी गई। सुप्रजा के 4ए आमवात.संधिवात के 7 तथा वयोमित्र कार्यक्रम के 21 हितग्राही लाभान्वित हुए। शिविर के आयोजन में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती आशा रोड़े, सहायिका एवं विद्यालय स्टॉफ का सहयोग रहा।

आयोजन पानी और जीवित मिट्टी सहेजने का लोगों को दिया संदेश...

भावसा मध्यम सिंचाई परियोजना के बांध पर किसानों के साथ जलाए दीप





नवभारत न्यूज, बुरहानपुर। धनतेरस के अवसर पर बुरहानपुर विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अर्चना चिटनिस ने एक अनूठी पहल करते हुए जिले की सबसे बड़ी भावसा मध्यम सिंचाई परियोजना के बांध पर किसानों के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर पर्व मनाया। उन्होंने किसानों को मिठाई बांटकर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर पानी और जीवित मिट्टी के संरक्षण का संदेश देते हुए पानी करेंगे खर्च कम, पर कमाएंगे भरपूर का नारा भी गूंजा।

चिटनिस ने कहा कि धनतेरस पर हम धन, वैभव और लक्ष्मी की पूजा करते हैंए लेकिन हमें यह भी समझना होगा कि हमारी समस्त समृद्धि के मूल में पानी और जीवित मिट्टी है। पानी नहीं होगा तो खेती कैसे होगी,फसल कैसे लहलहाएगी और धन का सृजन कैसे होगा। जिस तरह हम अपने धन और वैभव को संभालकर रखते हैं, उसी तरह पानी और मिट्टी को भी सहेजना आवश्यक है। हमारा असली धन पानी और जीवित मिट्टी है। उन्होंने कहा कि बुरहानपुर केला, गन्ना, कपास, हल्दी और विभिन्न मसालों की खेती के लिए जाना जाता है। इन फसलों के साथ जिले के उद्योग, व्यापार और जनजीवन भी पानी पर निर्भर हैं।इसलिए जल संरक्षण केवल किसानों की नहींए बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है।

कम बारिश ने बढ़ाई चिंताए उपलब्ध पानी का समझदारी से करें उपयोग:- जिले में वर्षा के आंकड़े बताते हुए श्रीमती चिटनिस ने कहा कि गत वर्ष जिले में औसतन 891ण्2 मिलीमीटर बारिश हुई थी,जबकि इस वर्ष औसत वर्षा 780.1 मिलीमीटर दर्ज की गई है। यानी पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 111 मिलीमीटर कम बारिश हुई है। वर्षा में आई इस कमी ने हमारे सामने चिंता का विषय उत्पन्न किया है। हमें अभी से उपलब्ध जलराशि का विवेकपूर्ण उपयोग करने और आने वाली बारिश की हर बूंद को सहेजने की तैयारी करनी होगी। उन्होंने किसानों से अपील की कि कम पानी में तैयार होने वाली फसलों को प्राथमिकता दें और खेती में फसल विविधीकरण अपनाएं। एक ही फसल पर लगातार निर्भर रहने के बजाय फसल चक्र में बदलाव लाना समय की आवश्यकता है। विशेष रूप से केले की खेती का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि लगातार एक ही खेत में केला लगाने से विषाणु और रोगों के प्रकोप की आशंका बढ़ सकती है। इससे जिले की केला खेती प्रभावित होने का खतरा रहता है। इसलिए अलग.अलग फसलें अपनाने और मिट्टी की सेहत बनाए रखने पर ध्यान देना चाहिए। जीवित मिट्टी ही बेहतर उत्पादन की बुनियाद है।

आने वाली बारिश में जनभागीदारी से लें जल संरक्षण का संकल्प:- श्रीमती चिटनिस ने दीपावली के अवसर पर किसानों और नागरिकों से आह्वान किया कि आने वाली बारिश में जनभागीदारी के साथ जल संरक्षण का व्यापक अभियान चलाएं। विकसित भारत.रोजगार एवं आजीविका मिशन ;ग्रामीणद्ध तथा शासन की अन्य योजनाओं का उपयोग करते हुए गांव.गांव में जल संरक्षण के कार्यों को गति दें। हमारा दृढ़ संकल्प होना चाहिए कि खेत का पानी खेत में और गांव का पानी गांव में रोका जाए,ताकि वर्षा की हर बूंद का अधिकतम उपयोग हो सके। उन्होंने घरों में वर्षा जल संचयन का महत्व बताते हुए कहा कि घर की छत पर बरसने वाले पानी को भी व्यर्थ बहने देने के बजाय जमीन में पहुंचाएं। इससे धरती मां की प्यास बुझाने और भूजल स्तर बढ़ाने में मदद मिलेगी। उन्होंने प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता का संदेश देते हुए कहा कि धरती हमसे कहती है। पानी लेते हो मुझसे , पानी डालो भी मुझमें। जिस धरती से हम अपनी खेती और जीवन के लिए पानी लेते हैं, उसी धरती को वर्षा जल के माध्यम से पानी लौटाना भी हमारा दायित्व है। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण, मिट्टी की उर्वरता और फसल विविधीकरण को खेती का अभिन्न हिस्सा बनाकर ही किसानों की समृद्धि तथा आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुरक्षित किया जा सकता है।

भावसा मध्यम सिंचाई परियोजना के बांध पर किसानों के साथ मनाया गया धनतेरस का यह पर्व एक सार्थक संकल्प के साथ संपन्न हुआ.पानी करेंगे खर्च कम, पर कमाएंगे भरपूर्य खेत का पानी खेत में, गांव का पानी गांव में और धरती मां की प्यास बुझाने के लिए हर घर से वर्षा जल का संचयन।

इस अवसर पर शाहपुर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि वीरेन्द्र तिवारी, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदीप पाटिल, जिला पंचायत सदस्य किशोर पाटिल, गफ्फार मंसूरी, स्वर्णसिंह बर्ने, प्रशांत पाटिल,रूद्रेश्वर एंडोले, अजहर उल हक,शांतिलाल पाटिल, वैभव महाजनए लालसिंह बारेला,अशोक राठौर, भीमसिंह, विजय राठौर, नारायण राठौर एवं रमेश राठौर सहित अन्य जनप्रतिनिधि, किसान व ग्रामीणजन उपस्थित रहे।